
UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition
यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-191 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 23 जून 2026 youngbharatE-paper.com

# बेटियों को छेड़ा तो सीधे यमराज के पास भेज देंगे : योगी

## अपराधियों पर बरसे सीएम योगी, दिया खौफनाक अल्टीमेटम

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सख्त मिजाज और अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के लिए जाने जाते हैं। रविवार को यूपी की हमीरपुर की धरती से सीएम योगी ने एक बार फिर अपराधियों और माफियाओं को रूह कंपा देने वाली सीधी चेतावनी दी है।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब जो कोई भी हमारी बेटियों को छेड़ेगा या उनके साथ बदसलूकी करेगा, उसे कानून तो सजा देगा ही, साथ ही उसे सीधे यमराज के पास पहुंचाने का इंतजाम भी कर दिया जाएगा। सीएम योगी ने हुंकार भरते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने उत्तर प्रदेश में 'एक जिला-एक माफिया' तैयार करने का पाप किया था, लेकिन आज के नए यूपी में माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं बची है। सीएम योगी ने गर्व से जनता के सामने कहा कि आज राज्य के बड़े-बड़े माफिया या तो जेल की सलाखों के पीछे रो रहे हैं या फिर उन्हें पूरी तरह मिट्टी में मिला दिया गया है। बुंदेलखंड के इतिहास को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अब यहां से पानी की किल्लत, मजबूरी में होने वाला पलायन और माफियाओं का खौफनाक दौर हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त हो गया



है। अब जनता का गाढ़ी कमाई का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल बनाने पर बर्बाद नहीं होता, बल्कि देश और प्रदेश के असली विकास कार्यों पर खर्च किया जा रहा है। अपने बुंदेलखंड दौरे के दूसरे दिन रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झांसी से महोबा होते हुए हमीरपुर के राठ कस्बे पहुंचे। यहां के प्रतिष्ठित बीएनवी डिग्री कॉलेज के विशाल मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने जिले को करीब 636.82 करोड़ रुपये की भारी-भरकम विकास परियोजनाओं की शानदार सौगात दी। वहां उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आपका उत्तर प्रदेश पूरी तरह बदल चुका है। यह जनता द्वारा चुने गए अच्छे जनप्रतिनिधियों का ही सुखद परिणाम है कि आज पूरे क्षेत्र में विकास की रफ्तार बुलेट ट्रेन की तरह बढ़ गई है। अब जनता का पैसा तुष्टिकरण की राजनीति पर नहीं, बल्कि हमारी आस्था के भव्य केंद्रों और लोक कल्याणकारी विकास कार्यों पर पूरी ईमानदारी से खर्च हो रहा है। लगभग 25 मिनट के अपने बेहद आक्रामक और ओजस्वी संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों की बखिया उधेड़ कर रख दी। समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने अपने शासनकाल में 'एक जिला-एक प्रोडक्ट' की जगह 'एक जिला-एक माफिया' का खतरनाक मॉडल तैयार किया था। उस काले दौर में देश-विदेश के बड़े उद्यमी और व्यापारी उत्तर प्रदेश में रंगदारी और खौफ के मारे उद्योग लगाने से बुरी तरह डरते थे। लेकिन हमारी सरकार में अब उत्तर प्रदेश में माफियाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज उत्तर प्रदेश किसी की पहचान का मोहताज नहीं रह गया है। जिन लोगों ने पहले अपने निजी स्वार्थ के लिए प्रदेश की पहचान पर गहरा संकट खड़ा किया था, आज कानून के राज के कारण उनके खुद के अस्तित्व के सामने ही सबसे बड़ा संकट खड़ा हो गया है। आपके एक सही वोट ने पूरे प्रदेश की तकदीर और तस्वीर को बदलकर रख दिया है। विपक्ष पर तुष्टिकरण का बड़ा आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अतीत में 'जय श्रीराम' का पावन नाम लेने पर निर्दोष भक्तों पर गोलियां और लाठियां चलाने वाले और हिंदुओं की पवित्र कांवड़ यात्रा को जबरन बंद कराने वाले लोग, अपनी सरकारों के समय मोहर्रम और बकरीद के दौरान होने वाले भीषण उपद्रवों पर अपनी आंखें पूरी तरह मूंदे रहते थे। लेकिन आज भाजपा की राष्ट्रवादी सरकार में ऐसा बिल्कुल नहीं हो रहा है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी तत्व से हमारी पुलिस बेहद सख्ती से निपट रही है। मुख्यमंत्री ने जनता से भावुक अपील करते हुए आह्वान किया कि माफियाओं के इन राजनीतिक सरपरस्तों को दोबारा कभी भी सत्ता के गलियारों में कदम नहीं रखने देना है। हमें जाति और क्षेत्र के नाम पर आपस में बिल्कुल नहीं बंटना है।

# 15 जुलाई तक भाजपा मे हो जायेगा व्यापक फेरबदल

- पांच राज्यों के राज्यपाल बदलेंगे
- दो प्रदेशों के मुख्यमंत्री बदलेंगे
- 10 केंद्रीय मंत्री बदलेंगे
- पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा के राज्यपाल बनने की चर्चा

**अनिल शर्मा+ संजय श्रीवास्तव**

**( यंग भारत न्यूज )**

भारतीय जनता पार्टी में आने वाले दिनों में व्यापक परिवर्तन होंगे और उसमें महत्वपूर्ण भूमिका प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व की होगी। जिस तरह से संगठन भारतीय जनता पार्टी में होने वाले परिवर्तन को लेकर जो चर्चा चल रही है, उसमें ये कहा जा रहा है कि चुनावों में कैसे भारतीय जनता पार्टी अपना वर्चस्व बनाए रखे, उसमें मुख्य भूमिका प्रधानमंत्री की होगी। लेकिन प्रधानमंत्री की भूमिका को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं चल रही हैं, जिसको लेकर पार्टी के लोग



बहुत ही स्पष्ट नहीं हैं। लेकिन यह कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही भारतीय जनता पार्टी का चेहरा होंगे। और चुनाव में जो भी निर्णय होंगे, उसमें प्रधानमंत्री की सहमति और उनकी इच्छा के अनुसार ही चुनाव लड़ा जाएगा। पार्टी के शीर्ष सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार जो राज्यपाल बदले जाने हैं उनमें उत्तर प्रदेश पंजाब गोवा, उत्तराखंड और गुजरात है इसके अलावा जो दो मुख्यमंत्री बदले जाने हैं। इनमे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, को बदलना तय होगया है द्य इसी तरह केंद्रीय मंत्रिमंडल में 10 पंछियों को हटाया जाना है और उनकी जगह उत्तर प्रदेश और बंगाल से तथा जिन राज्यों में 1 साल के अंदर चुनाव होने हैं उनसे भी मंत्री बनाए जा सकते हैंद्य जैसे उत्तर प्रदेश में जो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं पंकज चौधरी वह केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री हैं क्योंकि वह संगठन में चले गए हैं इसलिए यह पद दलीया जायेगा लिए इसी तरह कुछ केंद्रीय मंत्रियों को भाजपा के संगठन में भी जाना है इसलिए भी उनके पद उनसे लिया जाएगा द्य पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में यह भी चर्चा है की पहले दिल्ली फिर बिहार फिर बंगाल में विधानसभा के चुनाव में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री जो बुंदेलखंड के हैं भानु प्रताप सिंह वर्मा की ड्यूटी लगाई गई थी और जहां उनकी ड्यूटी लगाई गई उसके बेहतर परिणाम आए जिससे राष्ट्रीय नेतृत्व खुश है हो सकता है उन्हें किसी प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया जाए। इस पूरे परिवर्तन को लेकर भारतीय जनता पार्टी में बहुत चर्चाएं हो रही हैं। जल्दी ही इन चर्चाओं पर विराम लगेगा और भारतीय जनता पार्टी में नई टीम के साथ पार्टी आगे बढ़ेगी।

## सुर्खियां.............

### पालिका परिषद सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायतों के प्रति बरत रही लापरवाही

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** सरकार सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए तमाम प्रयास कर रही है और पट्टा तक निरस्त कर रही है। वहीं नगर पालिका परिषद सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायतों के प्रति लापरवाही बरत रही है। जनसुनवाई पोर्टल पर की गई अवैध कब्जा की शिकायत को यातायात प्रभावित न होने की रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर दे रही है ।

### आधार कार्ड में तहसील का नाम गलत अंकित होने की समस्या की डीएम से की शिकायत

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई** । आधार कार्ड में तहसील का नाम गलत अंकित होने की समस्या को लेकर नगरवासी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि डाकघर एवं अन्य आधार नामांकन केंद्रों के माध्यम से नगर में आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं।

### ग्राम जगनेवा में हाल ही में खोली गई शराब की दुकान का ग्रामीणों ने किया विरोध

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** ग्राम जगनेवा में हाल ही में खोली गई शराब की दुकान का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान आबादी क्षेत्र के काफी निकट संचालित की जा रही है, जिससे गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है। तहसील क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी कासिम जाटव एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में हाल ही में आबादी के निकट पानी की टंकी के पास शराब की दुकान खोली गई है।

# लखनऊ अग्निकांड; 15 लोगों की मौत

## सीएम योगी बोले-एक भी जिम्मेदार को बख्शेंगे नहीं

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊः** राजधानी के अलीगंज इलाके में तीसरे तल पर स्थित एक गेमिंग जोन और सॉफ्टवेयर ऑफिस में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई. इस घटना में 15 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 लोग घायल हैं. जिनका इलाज केजीएमयू में चल रहा है. आग इतनी भीषण थी कि कई लोग बिल्डिंग से नीचे कूद गए. इसके लिए लटक रहे तार को जरिया बनाया. बताते हैं कि जब आग लगी तो गेमिंग जोन कुछ स्टूडेंट्स भी मौजूद थे. इस बीच अलीगढ़ पहुंचे सीएम योगी दौरा छोड़कर लखनऊ घटनास्थल पहुंच गए. सीएम ने घटना के जांच के आदेश दिए हैं. सीएम ने केजीएमयू पहुंचकर भी घायलों का हालचाल जाना. साथ ही कहा कि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को बख्शेंगे नहीं. कुछ देर में रक्षा मंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह भी लखनऊ पहुंच रहे हैं.





इस बीच पीएम मोदी ने भी लखनऊ की घटना पर शोक जताया है. साथ ही मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है. इस क्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने भी मृतकों के प्रति शोक संवेदना जताई है अग्निकांड की भयावहता को देखते हुए मौके पर मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, एसीएस होम संजय प्रसाद , डीजीपी राजीव कृष्ण , डीजी फ़ायर सुजीत पांडेय, सीपी लखनऊ , ष्ठरूलखनऊ आदि पहुंच गए. सिविल अस्पताल की चार सदस्यीय टीम के साथ ही तीन एंबुलेंस भी मौके पर भेजी गईं. सिविल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में बेड संख्या 23 से 30 तक खाली करा लिए गए. डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 12 से 14 लोगों की मौतों की आशंका जताई. जबकि, लखनऊ केजीएमयू चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमीय अग्रवाल के मुताबिक, 15 लोगों की मौत हुई है. निजी संस्थान का यह ऑफिस अलीगंज में पेट शॉप के ऊपर है. बतात हैं कि सबसे पहले तीसरी मंजिल पर आग लगी. देखते ही देखते आग फैल गई और ऑफिस को चपेट में ले लिया. बताया जा रहा है कि उस वक्त ऑफिस में 30 से भी ज्यादा लोग मौजूद थे. आग लगते ही अफरातफरी मच गई. बिल्डिंग में काम करने वाले और अन्य लोग जान बचाने के लिए भागने लगे. इसमें स्टूडेंट्स भी थे. कोई रास्ता नहीं मिला तो बगल से गुजर रहे तार से लटककर नीचे कूदने लगे. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ स्टूडेंट्स तार से लटककर नीचे कूद रहे हैं, जबकि इमारत धू-धूकर जल रही है. इसमें 5 लोगों को चोटें भी आई हैं. आग तेजी से फैली और लोगों को बचाव का कोई रास्ता नहीं दिखा. करीब आधे घंटे थक फायर ब्रिगेड भी नहीं पहुंच सकी थी. आशंका जताई गई कि आग से घिरी बिल्डिंग में कई लोग फंसे हैं. मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुट गईं, लेकिन आग की भयावहता कम होने में काफी समय लगा. करीब 4 घंटे बाद भी बिल्डिंग सुलगती रही. जब लपटें थमीं तो बिल्डिंग के अंदर से एक के बाद एक मृतकों के शव बाहर निकाले जाने लगे. अधिकतर लोगों की मौत दम घुटने से हुई बताई जा रही है

**दौरा छोड़ लखनऊ पहुंचे सीएम**

घटना की भयावहता को देखते हुए सीएम योगी अलीगढ़ का दौरा छोड़कर लखनऊ रवाना हो गए. अलीगढ़ में मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी हार्दिक इच्छा थी कि आज मैं अलीगढ़ में रहूं, लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी-अभी मुझे जानकारी मिली है लखनऊ में एक अग्निकांड की दुखद घटना हुई है. उसकी चपेट में कुछ बच्चे आये हैं, उनकी दुखद मौत हुई है. इसलिए मुझे तत्काल वापस जाना पड़ रहा है, जिन्होंने जान खोई उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं

# प्रदेश सरकार ने जनपद के वन विभाग को दी वन विस्तार हेतु 400 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि

## जनपद में वनावरण में 6.41 प्रतिशत की वृद्धि, 400 हेक्टेयर नया वन क्षेत्र जुड़ा



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

**( यंग भारत न्यूज )**

जालौन। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में वन संरक्षण और वृक्षारोपण अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। ताजा सर्वेक्षण के अनुसार जिले के वनावरण में 6.41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कुल वन क्षेत्र में 400 हेक्टेयर से अधिक नई भूमि भी शामिल हुई है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) प्रदीप कुमार ने बताया कि जिले में पहले लगभग 25 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र निर्धारित था। अब इसमें 400 हेक्टेयर से अधिक नए क्षेत्र का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अतिरिक्त भूमि अन्य जिलों, विशेषकर सहारनपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए अधिग्रहित वन भूमि के प्रतिपूरक प्रबंधन के तहत जालौन को आवंटित की गई है।

उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र में वृद्धि के पीछे वन विभाग के प्रयासों के साथ-साथ आम जनता की सक्रिय भागीदारी भी महत्वपूर्ण रही है। किसानों, स्वयंसेवी संगठनों, ग्राम पंचायतों तथा स्थानीय





नागरिकों ने वृक्षारोपण अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे जिले में हरियाली का दायरा तेजी से बढ़ा है। श्री कुमार ने कहा कि वन विभाग ने केवल पौधरोपण तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि पौधों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया। इसी क्रम में गत वर्ष प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर निकाय में 'हरिशंकरी पौधरोपण अभियान' के तहत पीपल, पाकड़ और बरगद के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 'शक्ति वन' अवधारणा के तहत आम, नीम और कदंब के पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायतों से समन्वय स्थापित कर व्यापक स्तर पर पौधरोपण की तैयारियां की जा रही हैं। वन अधिकारियों के अनुसार वनावरण में हुई वृद्धि से जिले के पर्यावरणीय संतुलन को मजबूती मिलेगी। इससे भूजल स्तर में सुधार, जैव विविधता के संरक्षण तथा तापमान नियंत्रण में भी मदद मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की यह पहल हरित आवरण बढ़ाने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

- जनपद में पूर्व से है 25 हजार हेक्टेयर का वन क्षेत्र, इसमें हकओ जाएगा 400 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि से विस्तार
- 400 हेक्टेयर भूमि जो प्रदेश सरकार द्वारा जनपद जालौन के वन विभाग को दी गई है वह अलग अलग स्थानों पर है
- डीएफओ ने बताया कि वे अलग अलग बिखरी नई मिली भूमि को वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में लेने के लिए तेज अभियान चलाए हुए है
- अब पहले से बड़ा हो जाएगा जनपद का वन क्षेत्र

# बगैर बताए विद्यालय की बाउंड्री बाल तोड़कर नाले का निर्माण कराना शुरू किया

## ग्राम सुनायां में जिला पंचायत से बनाया जा रहा 365 मीटर नाला

### -मिट्टी भरी होने से नहीं खुल पा रहा है स्कूल,शिक्षा कार्य में पड़ रही है बाधा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम सुनायां में बिना शिक्षा विभाग को जानकारी दिए विद्यालय की बाउंड्री बाल तोड़कर विद्यालय के मैदान के बीच नाला निर्माण के लिए मिट्टी खोद डाली। इससे विद्यालय में आवागम पूरी तरह से बाधित हो गया। विद्यालय प्रशासन का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले कोई जानकारी तक नहीं दी गई। बताया गया है गांव के पानी की निकासी के लिए जिला पंचायत से प्राइमरी स्कूल से जूनियर हाईस्कूल तक करीब 365 मीटर लंबा और एक मीटर चौड़ा नाला बनाया जा रहा है। ठेकेदार ने उच्च प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री बाल तोड़कर बीच मैदान से नाला खोदकर



निर्माण शुरू कर दिया और विद्यालय प्रशासन या शिक्षा विभाग को कोई सूचना तक नहीं दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिमोहन सिंह निरजंन ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण के लिए विद्यालय परिसर की बाउंड्री बाल तोड़कर बीच में नाला खोद दिया गया और मिट्टी के ढेर लगा दिए गए। जिससे विद्यालय में जाने का रास्ता तक बाधित हो गया। उन्होंने बताया कि 16 जून को विद्यालय खुलने पर मौके पर देखा तो पूरे विद्यालय परिसर में मिट्टी भरी पड़ी थी। ठेकेदार से बातचीत की गई तो उन्होंने दो दिन में मिट्टी हटवाने के लिए अश्वासन दिया था लेकिन रविवार को जब वह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय पहुंचे तो तब भी मिट्टी भरी मिली। उन्होंने बताया कि नाला खुदाई से विद्यालय का काम भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में बच्चों का भी विद्यालय में आना खतरनाक साबित हो सकता है।

### क्या बोले बीईओ


बीईओ सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कुछ जानकारी दी है। मौके पर जाकर स्थिति देखेंगे, इसके बाद उच्चाधिकारियों से बात कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम की सुने

एसडीएम हेमंत पटेल ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।उक्त मामले की जानकारी कर संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी, इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली के खंभे पर पेड़ की टूटी हुई डाल फंस जाने से हादसे की आशंका बनी

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** मोहल्ला नया भवानीराम स्थित नहर कोठी रोड पर मंदिर वाली गली में बिजली के खंभे पर पेड़ की टूटी हुई डाल फंस जाने से लोगों में हादसे की आशंका बनी हुई है। मोहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग से जल्द डाल हटवाने की मांग की है।

मोहल्ले के राजेंद्र, अनिल, राजेश आदि ने बताया कि मंदिर वाली गली में स्थित एक बिजली के खंभे और किबजली की लाइन पर पेड़ की टूटी हुई डाल आकर फंस गई है। कुछ दिनों यह डाल खंभे और तारों पर टिकी हुई है, जिससे कभी भी नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात और तेज हवा के दौरान डाल के गिरने से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो सकती है और आसपास रहने वाले लोगों को भी खतरा हो सकता है। बताया कि गली से लोगों का लगातार आवागमन बना रहता है। ऐसे में यदि डाल अचानक टूटकर गिरती है तो दुर्घटना होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को देखते हुए पेड़ की फंसी हुई डाल को जल्द हटवाया जाए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके।

# मिठाई प्रतिष्ठानों, होटलों और रेस्टोरेंटों में खाद्य पदार्थो पर नहीं अंकित की जाती एक्सपायरी डेट

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों पर निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम अवधि अंकित करना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद नगर के अधिकांश मिठाई प्रतिष्ठानों, होटलों और रेस्टोरेंटों में इस नियम का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार दूध से तैयार उत्पादों और खुली मिठाइयों को बिक्री के लिए प्रदर्शित करते समय उन पर निर्माण तिथि और उपभोग की अंतिम तिथि स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को ताजा और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है। नगर निवासी मनीष परिहार, रुद्र कुमार, प्रखर श्रीवास्तव ध्रुव साहू आदि ने बताया कि नियम लागू होने के शुरुआती दिनों में कुछ दुकानदारों ने मिठाइयों की ट्रे पर निर्माण तिथि और उपयोग अवधि लिखना शुरू किया था, लेकिन समय बीतने के साथ अधिकांश दुकानों से यह व्यवस्था गायब हो गई। वर्तमान में कई प्रतिष्ठानों पर बिना किसी जानकारी के मिठाइयां और दुग्ध उत्पाद बेचे जा रहे हैं। गर्मी के मौसम में खाद्य पदार्थ जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। ऐसे में बिना तिथि अंकित किए खाद्य सामग्री की बिक्री उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए खतरा हो सकती है। नगर के लोगों ने डीएम से इस मामले में जांच कराते हुए नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# रोडवेज बस की टक्कर से भाई बहन घायल, घायलो को जिला अस्पताल रेफर किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सर्किल के एट थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एट कस्बे के मंडी गेट के पास हुआ, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एट थाना क्षेत्र के ग्राम सतोह निवासी जितेंद्र अपनी बहन साधना के साथ बाइक से एट कस्बे में खरीदारी करने आए थे। बाजार से जरूरी सामान खरीदने के बाद दोनों एक लेबर को रुपये देने जा रहे थे। इसी दौरान मंडी गेट के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक से छिटककर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस तथा अन्य साधनों की मदद से दोनों घायलो को सीएचसी कोंच पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. गौरव शर्मा ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर। हालत गंभीर पाए जाने पर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस दुर्घटना के कारणों की पड़ताल कर रही है।





# ग्राम जगनेवा में हाल ही में खोली गई शराब की दुकान का ग्रामीणों ने किया विरोध

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्राम जगनेवा में हाल ही में खोली गई शराब की दुकान का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान आबादी क्षेत्र के काफी निकट संचालित की जा रही है, जिससे गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी कासिम जाटव एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में हाल ही में आबादी के निकट पानी की टंकी के पास शराब की दुकान खोली गई है। यहां पास में ही सामुदायिक शौचालय है और शाम के समय गांव के टंकी के पास मैदान में खेलने के लिए जाते हैं। आबादी के निकट शराब की दुकान खुलने से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने की आशंका है तथा सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। वहीं, आबादी क्षेत्र के नजदीक होने के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि आबादी के निकट खोली गई शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए ताकि गांव का माहौल खराब न हो।

# मंडी लाइसेंस नवीनीकरण की नई शर्तों के विरोध में उतरे व्यापारी, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

### -गारंटर और अतिरिक्त दस्तावेजों की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग, छोटे व्यापारियों ने बताई बड़ी परेशानी



( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति द्वारा मंडी लाइसेंस नवीनीकरण के लिए लागू की गई नई शर्तों के विरोध में सोमवार को फल एवं सब्जी व्यापारियों ने आवाज बुलंद की। फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति के बैनर तले व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम एवं मंडी समिति सभापति को ज्ञापन सौंपकर नई व्यवस्था को व्यापारियों के हितों के खिलाफ बताते हुए इसमें तत्काल संशोधन की मांग की। समिति अध्यक्ष मोहम्मद जमा राईन एवं महामंत्री रघुवीर कुशवाहा ने ज्ञापन में बताया कि मंडी समिति द्वारा हाल ही में लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया में कई नई शर्तें जोड़ दी गई हैं। इन नियमों के कारण विशेष रूप से छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि यदि मंडी परिषद के निर्देशों के अंतर्गत लाइसेंस नवीनीकरण किया जाना है तो पहले से दर्ज गारंटरों को ही मान्य माना जाए तथा नए गारंटरों की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। प्रशासन व्यापारियों की व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र उचित निर्णय ले। इस दौरान समिति कोषाध्यक्ष मो.शफीक मंसूरी, करीम पप्पू राईन, विनय कुमार, महेश कुमार, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद आसिफ राईन, वीरेंद्र कुशवाहा, मो.इस्लाम, मो.कदीर, इरशाद राईन, अभिषेक कुशवाहा, मोहम्मद असीम, मोहम्मद इकराम, निसार, नासिर राईन सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# प्रशासन ने की पैथोलॉजी एवम अस्पतालों में छापेमारी



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी( जालौन )।** सोमवार को प्रशासनिक टीम द्वारा नगर में पैथालाजी एवं अस्पतालों में छापेमारी की गई। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर पैथालाजी सील कर कमी पाए जाने पर एक अस्पताल में कमी पाई गई है।प्रशासन अवैध अस्पतालों के संचालन पर सख्त हो गया है जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शिकायतें मिलने के बाद छापेमारी के लिए तहसील स्तर पर टीमें गठित की है जिसके चलते सोमवार दोपहर एसडीएम अमित शेखर,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर वीरेंद्र कुमार तथा सीओ राजेश कमल ने छापेमारी की इस दौरान टीम को कोतवाली के पास स्थित महाकाल लैब में लैब टेक्नीशियन नही मिला जिसपर उसे सील कर दिया गया है वही टीम ने पास स्थित कालपी हास्पिटल में भी जांच की जिसमे भी कुछ कमियाँ पाई गई है । एसडीएम अमित शेखर के अनुसार कमियाँ पाए जाने पर कालपी हास्पिटल के संचालक को भी नोटिस दिया जाएगा। वही टीम की छापेमारी की जानकारी पाकर नगर के अवैध अस्पतालों मे ताला पड गया था जिससे टीम महज दो स्थानो पर छापेमारी कर बैरंग वापस हो गई। डिप्टी सीएमओ डाक्टर वीरेंद्र कुमार के अनुसार अवैध अस्पतालों का संचालन किसी कीमत पर नही होने दिया जाएगा इसके लिए छापेमारी जारी रहेगी।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डा. एस.पी. पाठक ने व कुशल संचालन डा.दीपक चौबे द्वारा किया गया। अध्यक्ष डा.एस.पी. पाठक ने कहा कि आज के आधुनिक युग में अत्यधिक व्यस्तता के कारण मनुष्य मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ हो रहा है। तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण शरीर को अनेकों बीमारियों ने घेर लिया है। ऐसी स्थिति में योग ही एकमात्र ऐसा सशक्त साधन है, जिसके माध्यम से मनुष्य पूर्ण रूप से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। प्राणायाम और सूर्य नमस्कार के साथ अभ्यास की शुरुआत कराई। इसके बाद उन्होंने गोमुखासन, पद्मासन, भद्रासन, मुक्तासन, शवासन, मयूरासन, सुखासन, सिद्धासन, वज्रासन, सिंहासन, सर्वांगासन, हलासन और शीर्षासन सहित कई महत्वपूर्ण आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने इन आसनों से शरीर को होने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान डा.एस.एस.तोमर, डा.राजेश शर्मा, डा.अनिल जैन, डा. रामगोपाल साहू, डा.अमिताभ पाराशर, डा.गजेंद्र सिंह चौहान, डा.विवेक सक्सेना, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.राहुल झा, डा.अवधेश तिवारी, डा.अवनी कडक़ी, डा.नितिन द्विवेदी, डा.अनीश, डा.राजेंद्र साहू, डा.शैलेंद्र जैन, डा.शीलचंद्र राजपूत, डा.रविंद्र संज्ञा, डा.रोहित साहू, आदि उपस्थित रहे।

# पालिका परिषद सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायतों के प्रति बरत रही लापरवाही

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सरकार सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए तमाम प्रयास कर रही है और पट्टा तक निरस्त कर रही है। वहीं नगर पालिका परिषद सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायतों के प्रति लापरवाही बरत रही है। जनसुनवाई पोर्टल पर की गई अवैध कब्जा की शिकायत को यातायात प्रभावित न होने की रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर दे रही है ।

नगर पालिका परिषद की सीमा में चुंगी नम्बर चार के पास परती की जमीन खाली पड़ी थी। परती की खाली पड़ी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। कब्जा करने के बाद उस पर निर्माण भी कर लिया है। नगर पालिका की कीमती सरकारी जमीन पर निर्माण होते समय पर नगर पालिका ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। नगर पालिका परिषद की जमीन पर हुए अतिक्रमण की शिकायतें लगातार तीन वर्षों से हो रही है। नगर पालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारी शंकरलाल, रामकुमार बाबा समेत अन्य लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन व जिला प्रशासन के साथ आईजीआरएस पोर्टल पर भी की है लेकिन, अब तक अवैध कब्जा नहीं हट सका है। इसकी शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर भी की गई। नगर पालिका द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत का निस्तारण यातायात प्रभावित न होने की बात लिख कर किया गया है। जिसके चलते शिकायतकर्ता मायूस हैं।

# आधार कार्ड में तहसील का नाम गलत अंकित होने की समस्या की डीएम से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।आधार कार्ड में तहसील का नाम गलत अंकित होने की समस्या को लेकर नगरवासी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि डाकघर एवं अन्य आधार नामांकन केंद्रों के माध्यम से नगर में आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। जालौन नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बनाए जा रहे आधार कार्डों में तहसील जालौन के स्थान पर माधौगढ़ अंकित होकर आ रहा है, जिससे लोगों को विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आधार कार्डों में यह त्रुटि लगातार आ रही है। आशंका जताई कि यह समस्या संबंधित सॉफ्टवेयर या डेटा प्रणाली में गड़बड़ी के कारण उत्पन्न हो रही है। इसके चलते अब तक बड़ी संख्या में नागरिकों के आधार कार्ड प्रभावित हो चुके हैं। आधार कार्ड में तहसील का नाम गलत होने से पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, यूडीआईडी कार्ड, बैंकिंग कार्यों तथा अन्य दस्तावेजों के सत्यापन में दिक्कतें आ सकती हैं। कई बार दस्तावेजों में दर्ज पते और आधार कार्ड की जानकारी में अंतर होने के कारण सत्यापन प्रक्रिया प्रभावित होती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि संबंधित विभाग के माध्यम से इस समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर सॉफ्टवेयर में मौजूद त्रुटि को दूर कराया जाए, ताकि आधार कार्ड में तहसील जालौन का नाम सही रूप से दर्ज हो सके। साथ ही जिन लोगों के आधार कार्ड में पहले से यह गलती हो चुकी है, उनके अभिलेखों का भी शीघ्र संशोधन कराया जाए।

# फसल बीमा मुआवजा न मिलने पर भड़के देवरान के किसान, आमरण अनशन की चेतावनी

## ओलावृष्टि से नष्ट हुई गेहूं की फसल का भुगतान दिलाने की मांग, डीएम को सौंपा सामूहिक ज्ञापन

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट के ग्राम देवरान के सैकड़ों किसानों ने रबी सीजन 2025-26 में ओलावृष्टि से बर्बाद हुई गेहूं की फसल का बीमा मुआवजा न मिलने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। किसानों ने सोमवार को जिलाधिकारी को सामूहिक ज्ञापन सौंपकर शीघ्र बीमा भुगतान की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे कलेक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन शुरू करेंगे। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि रबी सीजन के दौरान ग्राम देवरान में बड़े पैमाने पर गेहूं की खेती की गई थी। फसल अच्छी स्थिति में थी और किसानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद थी, लेकिन अचानक हुई भीषण ओलावृष्टि ने पूरी फसल चौपट कर दी। तैयार खड़ी गेहूं की फसल नष्ट होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि फसल क्षति के बाद तत्काल इसकी सूचना प्रशासन एवं संबंधित विभागों को दी गई थी। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों तथा बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों ने मौके



पर पहुंचकर फसल क्षति का सर्वे और भौतिक सत्यापन भी किया था। किसानों के अनुसार जांच में फसल को व्यापक नुकसान होना पाया गया था और अधिकारियों द्वारा शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया गया था। इसके बावजूद कई महीने बीत जाने के बाद भी किसानों को फसल बीमा की राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। किसानों का आरोप है कि उनकी फसल बीमित होने और प्रीमियम जमा होने के बावजूद संबंधित बीमा कंपनी द्वारा भुगतान में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। इससे प्रभावित किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इस दौरान जगभान सिंह, केशरी, चम्पालाल, बलवन्त सिंह, वृन्दावन, अदल, हरभजन, कल्यान, भगवानदास, लखन लाल, बहादुर सिंह, भरत सिंह, पुष्पा, बबलू, बन्दो बाई, हीरालाल, हरीराम, शिवशंकर, हरदेव सिंह, खुशीलाल, भूपत, मलखान, गब्बर सिंह, जानकी सिंह, मूल चन्द, आदित्य नारायण, रेखा बाई, आसागाम, सारदा देवी, राजेश कुमार, बीर सिंह, मुलायम सिंह, दुर्जन सिंह, बृजनन्दन, प्रूस, मुन्ना, मथू, भुल्ला, बहादुर सिंह (पुत्र नाहर सिंह), दरयाव सिंह, छोटे राजा, जगदीश, गोरेलाल, सुवहर, रामकली, दयाराम, पुन्तु, भगवत सिंह, अवधरानी, जमुना प्रसाद तथा उदयल सिंह सहित समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फाउंडेशन के तत्वावधान में उर्दू अकादमी की वार्षिक परीक्षा संपन्न

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फाउंडेशन के तत्वावधान में कालपी में संचालित उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, लखनऊ की उर्दू कोचिंग कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा 21 जून 2026 को इस्लामिया स्कूल, कालपी में सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शैक्षिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. फरहान दीवान ने कहा कि उर्दू भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी साझा संस्कृति, साहित्य और गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है। नई पीढ़ी को अपनी भाषाई और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के लिए इस प्रकार की कक्षाएं और परीक्षाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर फैजान दीवान ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली गई थीं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन भविष्य में भी उर्दू शिक्षा के प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की ओर से नियुक्त परीक्षक सैयद एहतराम हुसैन ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कालपी में उर्दू शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

इस्लामिया स्कूल के प्रधानाचार्य निजाम अंसारी ने बताया कि परीक्षा के लिए विद्यालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षार्थियों के बैठने, प्रकाश, पेयजल एवं अनुशासन संबंधी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सकी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा भेजे गए प्रश्नपत्र विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम और शैक्षिक स्तर के अनुरूप थे, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा देने में सुविधा हुई। इस्लामिया स्कूल के प्रबंधक सुलेमान अंसारी ने कहा कि उर्दू हमारी सांस्कृतिक विरासत और पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यार्थियों को उर्दू भाषा से जोड़ना समय की आवश्यकता है, क्योंकि भाषा के माध्यम से ही हम अपनी सभ्यता, इतिहास और साहित्य को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने छात्रों से मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा को जीवन में सफलता का आधार बनाने का आह्वान किया। परीक्षा के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य निजाम अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार सलीम अंसारी, मुकीम आलम, मास्टर खालिद अंसारी, आसिफ कुरैशी, नूर मोहम्मद अशरफी, फैज़ अंसारी, मोहम्मद शादाब दीवान, जिया अंसारी तथा उर्दू कक्षाओं के संचालक शारिक सर का विशेष सहयोग रहा। सभी ने पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान उर्दू कक्षाओं के सफल संचालन के साथ-साथ परीक्षा की तैयारी एवं व्यवस्थाओं में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगियों, शिक्षकों एवं व्यवस्थापकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा क्षेत्र में उर्दू शिक्षा के विकास हेतु निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

# यमुना तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए चल रही बाढ़ सुरक्षा परियोजना का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

## गुड़ा, हिम्मतपुर एवं शिवगंज क्षेत्र को कटान और बाढ़ से बचाने के लिए 6.87 करोड़ रुपये की परियोजना पर कार्य प्रगति पर, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने यमुना नदी के दायें किनारे स्थित ग्राम समूह गुड़ा, हिम्मतपुर एवं शिवगंज को बाढ़ एवं कटान से सुरक्षित करने हेतु संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा तकनीकी मानकों का गहन परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि लगभग 687.56 लाख की लागत से संचालित इस महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत यमुना नदी के कटान प्रभावित क्षेत्र में 220 मीटर लंबाई में स्टोन बोल्डर से लांचिंग एप्रन तथा स्टोन पिचिंग के माध्यम से तट संरक्षण कार्य कराया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य बाढ़ के दौरान होने वाले तीव्र कटान को रोकना तथा नदी तटवर्ती आबादी एवं कृषि भूमि को सुरक्षित करना है।



जिलाधिकारी ने कहा कि यमुना नदी के किनारे बसे गांवों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। विगत वर्षों में बाढ़ एवं कटान से प्रभावित क्षेत्रों को स्थायी राहत प्रदान करने के लिए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण प्रत्येक कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप ही संपादित किया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के बाद लगभग 818.92 हेक्टेयर कृषि भूमि, 105 ग्रामीण आवास तथा लगभग 2950 की आबादी को बाढ़ एवं कटान के खतरे से महत्वपूर्ण सुरक्षा प्राप्त होगी। इससे न केवल किसानों की आजीविका सुरक्षित होगी, बल्कि क्षेत्र के लोगों में भी सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत होगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी बनाए रखने तथा मानसून अवधि को दृष्टिगत रखते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी ऐसी परियोजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए, जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दीर्घकालिक राहत उपलब्ध हो सके इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सिंचाई धर्म घोष आदि मौजूद रहे

# किसान खतौनी के त्रुटि पूर्ण अंशों को अभियान में कराए ठीक - एसडीएम

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने अवगत कराया है कि भूमि अंश निवारण के दौरान खतौनी में हुई त्रुटि को सही कराने के लिए राजस्व परिषद के निर्देश पर दिनांक 22.06.2026 से 26.06 2026 विशेष अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक राजस्व ग्राम में लेखपाल की ग्राम बैठक करते हुए अंश के त्रुटि को ठीक कराया जाएगा। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि अभियान के तहत अपने-अपने अंशों को ठीक करा लें।

# शादी के समारोह में चल रहे मुजरा को रोकने पर मारपीट के मामले मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम अल्मोडी डेरा में बीते दिन एक शादी में हो रहे मुजरा नाच को रोकने पर की गई मारपीट के मामले में नामजदों के खिलाफ थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त मामले को लेकर वादी किशना निवासी ग्राम अल्मोडी डेरा परासन ने थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 21.06.2026 को रात्रि लगभग 2 बजे प्रार्थी के घर के सामने शादी थी। जिसमें प्रार्थी के दरवाजे में खाना और मुजरा का नाच हो रहा था। प्रार्थी ने मुजरा को मना किया तो आरोपी अनिल निवासी अल्मोड़ी डेरा, पुष्पेंद्र निवासी परासन, प्रकाश निवासी भेड़ी जलालपुर आदि ने मिलकर प्रार्थी को मारा। जिसमें प्रार्थी का सिर फट गया। तथा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी है।

# स्थानांतरित अधिशासी अधिकारी को दी भावभीनी विदाई

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी जालौन।** सोमवार को नगर पालिका परिषद कालपी के स्थानांतरित अधिशासी अधिकारी (ईओ) अवनीश कुमार शुक्ला को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव, सभासदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की है।

पालिका के सभागार में आयोजित विदाई समारोह की अध्यक्षता करते हुये पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि ईओ शुक्ला ने अपने कार्यकाल के दौरान नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए सराहनीय कार्य किए। पालिका द्वारा विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन किया गया, जिससे नगरवासियों को लाभ मिला। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव, अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार मौर्य राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार सिंह, एकाउंटेंट हर भूषण सिंह चौहान, पप्पी यादव, सरफराज खान, रमेश सिंह यादव, राकेश यादव, आशू यादव सभासद स्थानांतरित अधिशासी अधिकारी को माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित कर्मचारियों ने उनके सहयोगात्मक व्यवहार एवं कार्यशैली की प्रशंसा की है। स्थानांतरित ईओ ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जनता का आभार जताया।

# लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण पर किसानों ने सर्किल रेट बढ़ाने की उठाई मांग

## - जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई (जालौन)।** जालौन-झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित की जा रही भूमि के मुआवजे को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम काबिलपुरा, तिमरो और फूलपुरा के किसानों ने जिलाधिकारी जालौन को ज्ञापन सौंपकर भूमि का सर्किल रेट बढ़ाए जाने की मांग की है।



किसानों का कहना है कि उनकी भूमि का वर्तमान सर्किल रेट वास्तविक बाजार मूल्य की तुलना में काफी कम निर्धारित है। उनका आरोप है कि पिछले लगभग नौ वर्षों से सर्किल रेट में समुचित वृद्धि नहीं की गई है, जबकि क्षेत्र में जमीनों के दाम लगातार बढ़े हैं। किसानों के अनुसार वर्तमान समय में उनकी भूमि का बाजार मूल्य करीब 30 लाख रुपये प्रति एकड़ है, लेकिन अधिग्रहण के दौरान मिलने वाला मुआवजा इस मूल्य के अनुरूप नहीं है। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि अधिग्रहित की जा रही भूमि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे एवं प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस-वे के आसपास स्थित है। इस कारण उक्त भूमि का महत्व सामान्य कृषि भूमि से कहीं अधिक है और भविष्य में इसके औद्योगिक एवं व्यावसायिक उपयोग की भी व्यापक संभावनाएं हैं। ऐसे में भूमि का मूल्यांकन वर्तमान बाजार दरों के अनुसार किया जाना चाहिए। किसानों का कहना है कि कम मुआवजा मिलने से वे समान मूल्य की दूसरी भूमि खरीदने में सक्षम नहीं होंगे, जिससे उनके सामने भूमिहीन होने का खतरा पैदा हो गया है। अधिकांश प्रभावित परिवारों की आजीविका खेती पर ही निर्भर है और उनके पास आय का कोई अन्य स्थायी स्रोत नहीं है। प्रभावित किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि भूमि का पुनर्मूल्यांकन कराकर सर्किल रेट में वृद्धि की जाए तथा किसानों को न्यायसंगत मुआवजा दिलाया जाए। किसानों का कहना है कि उचित मुआवजा मिलने से ही वे अपने भविष्य और परिवार की आजीविका को सुरक्षित रख सकेंगे।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेताओं राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के जिला संयोजक आर. वी. कुशवाहा के नेतृत्व में एल.आर. अटल, चंद्रप्रकाश, हल्के सिंह, बहुजन मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामबाबू चौधरी, हरिओम प्रकाश, सत्यनारायण आदि ने राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा ।ज्ञापन में मांग की गई कि आगामी जनगणना के प्रथम चरण में ओबीसी वर्ग के लिए अलग से स्पष्ट श्रेणी (ऑप्शन) निर्धारित की जाए, जिससे ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या का सही आंकलन हो सके। इसके साथ ही जनगणना के डिजिटल आंकड़ों के भौतिक सत्यापन की व्यवस्था किए जाने की भी मांग उठाई गई। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर देशव्यापी आंदोलन तेज किया जाएगा।



# जिलाधिकारी की जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को कई मामलों में मिला संवेदनशील समाधान

## समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण के निर्देश, लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, पेंशन, आवास, राशन, सड़क, जलापूर्ति तथा अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही वास्तविक निस्तारण का आधार है, इसलिए अधिकारी प्रकरणों की स्वयं समीक्षा करें और निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनावश्यक विलंब या शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान किए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील प्रकरणों में तत्काल मौके पर टीम भेजकर तथ्यात्मक जांच कराई जाए और पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए।



# महिला की मारपीट करने पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अटरिया में बीते हफ्ते पहले एक महिला की मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित महिला सरोज निवासी ग्राम अटरिया ने थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थनी गांव की ही आरोपी महिला के द्वारा दी गई गालियां व गंदी गंदी बातों की शिकायत लेकर गई थी। तभी आरोपी महिला व उसके घर वाले एक राय होकर प्रार्थनी को अकेले देखकर उसके साथ मारपीट की। तथा आरोपी राजन व राजू ने गंदी गंदी बातें की तथा गलत टिप्पणी भी की है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करा कर बिबेचना शुरू कर दी गई है।

# सरस्वती इंटर कालेज में योगा दिवस का आयोजन हुआ

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सदर बाजार कालपी के वंदना सभागार में 12 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक हरीभूषण सिंह चौहान अध्यक्ष रमेश चंद तिवारी संरक्षक सुरेश उपाध्याय सह प्रबंधक अशोक परिवार रविंद्र पुरवार नगर पालिका के अध्यक्ष अरविंद यादव, मनोज पांडे सतीश द्विवेदी, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी, रोहिणी शर्मा राजेश गुप्ता एडवोकेट, प्रदीप पाठक संजय शुक्ला डॉक्टर अनिल दिक्षित ,श्याम किशोर गुप्ता भारत सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष भाजपा, शरद शुक्ला ज्योति विश्वकर्मा सभासद नगर पालिका, रविंद्र सिंह मांगरोल वीरपाल सिंह मांगरोल लाल सिंह प्रेम शंकर पाल ,रविंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह जी आचार्य रमेश जी बाबू अर्जुन जी, अर्पित जी ,प्रखर जी अवस्थी जी हुकुम सिंह कैप्टन सर,आचार्य बहने सोनाली चौहान ,रमन जी, पुष्पा राठौड़ गुड़िया जी ,मानसी, मिनी अनीता जी पुष्पा आरती नंदिनी ,जय हिंद आदि नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ,योग शिक्षक श्री शिव सिंह राठौर एडवोकेट नगर सह संघ चालक ने उपस्थित जन समूह को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक हरीभूषण सिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया और सभी के स्वस्थ्य एवं निरोग रहने की कामना की। कार्यक्रम के पश्चात सभी अतिथियों को जलपान कराया गया। इसके पश्चात विद्यालय के सभी आचार्य एवं acharya बहने ग्राम बैरई पहुंचकर प्राइमरी स्कूल में योग शिक्षक बृजेश सिंह चौहान द्वारा योग अभ्यास कराया गया। इस मौके पर bairai ग्राम प्रधान राम लखन यादव प्रधानाचार्य सीता जी शिक्षामित्र अंकुर पंचायत सहायक अतेंद्र सैनी आदि ग्राम बैरई के लगभग आधा सैकड़ा गण मान्य लोग मौजूद रहे।

# नवांगतुक क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली का भ्रमण कर लिया जायजा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन।** नवांगतुक क्षेत्राधिकारी राजेश कमल ने कोतवाली कालपी का भ्रमण निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी ।तथा तालाब को देखकर मछलियों को दाना बिस्कुट चुनाया।




रविवार को कोतवाली में पुलिस जवानों के साथ योगा दिवस मनाते के बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के साथ कोतवाली परिसर का घूम-घूम कर जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि परिसर में स्वच्छता का बिशेष ध्यान रखा जाए।इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर तालाब की सुंदरता को देख कर सराहना की। तथा मछलियों को दाना बिस्कुट चुनाया।क्षेत्राधिकारी ने कहा कि पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पहाड़ गॉव दो वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे मोहल्लेवासी, डीएम से लगाई समाधान की गुहार

### -जल जीवन मिशन की पाइपलाइन और नई टंकी बनने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी, ग्रामीणों ने सौंपा प्रार्थना पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकासखंड डकोर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पहाड़गांव के मजरा विश्वकर्मा मोहल्ला के निवासियों ने लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी को संबोधित एक प्रार्थना पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके मोहल्ले में पिछले लगभग दो वर्षों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि मोहल्ले में न तो इंडिया मार्का हैंडपंप है और न ही जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से जलापूर्ति हो पा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, सर्वोना मिस्तान भंडार से बैंक मार्ग होते हुए हर प्रसाद अहिरवार के मकान तक पानी की सप्लाई पिछले दो वर्षों से बंद है, जिसके कारण मोहल्लेवासियों को पीने के पानी के लिए लगभग 800 मीटर दूर तालाब के किनारे लगे इंडिया मार्का हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछने और नई पानी की टंकी बनने से उन्हें उम्मीद जगी थी कि अब स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा, लेकिन तकनीकी खामियों और टंकी के वाल्व खराब होने के कारण सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। आरोप है कि ट्यूबवेल से सीधे जलापूर्ति किए जाने के कारण भी मोहल्ले तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पेयजल संकट की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच कराकर खराब व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाए और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे अपनी समस्या को लेकर आगे भी आवाज उठाने के लिए बाध्य होंगे।इस मौके पर प्रमुख रूप से दीनदयाल, कल्याण सिंह, सुजीत सिंह, चतुर्भुज संतोष कुमार वर्मा, माता प्रसाद वर्मा, शिवम गुप्ता, घनश्याम, प्रवीण कुमार, अवधेश कुमार, राघवेंद्र, लालाराम वर्मा, अखिलेश, सुशांत, सुजीत वर्मा सहित आदि मौजूद रहें।

# ई-रिक्शा चालक को बाइक सवार ने पीछे से मारी टक्कर

### - बाइक सवार दो युवक व ई-रिक्शा चालक घायल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीनिया से उरई बाजार आ रहे एक रिक्शा को पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवारों ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा उरई-झांसी रोड पर स्थित राम राजा पैलेस के पास हुआ, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, ई रिक्शा सामान्य गति से आगे आ रहा था तभी पीछे से आ रही तेजगति बाइक चालक ने अनियंत्रित होकर रिक्शा में पिछले हिस्से में टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं रिक्शा चालक भी चोटिल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को संभाला और एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल उरई की इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।

घायलों में पूरन 40 वर्ष निवासी मोहल्ला पुराना रामनगर, शिवकुमार 50 वर्ष निवासी ग्राम रीनिया व उमाशंकर 45 वर्ष निवासी ग्राम रीनिया बताये जा रहे हैं।डॉक्टरों के अनुसार, दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे का कारण मानी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उरई-झांसी रोड पर लगातार बढ़ते हादसों को देखते हुए यहां ट्रैफिक नियंत्रण और स्पीड पर सख्ती जरूरी है, ताकि ऐसे हादसों पर लगाम लग सके।

# सबाविमं में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय में हुआ भव्य आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** बारह वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, शिशु वाटिका मंडी कोंच में हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक नरसिंह गहरबार तथा प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा द्वारा माँ वागेश्वरी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं आचार्यगणों ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया।कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक के रूप में विद्यालय के आचार्य सुनील पाठक,पूर्व आचार्य भोलानाथ श्रीवास्तव, वेदप्रकाश निरंजन ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का प्रदर्शन करते हुए उनके अभ्यास की सही प्रक्रिया कराते हुए अभ्यास कराया तथा नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दिनेश उदेनिया ने योग संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है तथा तनावमुक्त जीवन जीने में सहायक होता है। योग सत्र में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु-भगिनी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ हुआ।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के प्रभारी नरेंद्र सिंह,पंकज बाजपेई, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा, आनंद भरजद्वाज,शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, प्रभा



गुप्ता, शिवानी सिंह, ज्योति गुप्ता, रंजना तिवारी,तान्या व्यास, प्रतीक्षा रेजा,आकांक्षा सिंह, जीतेन्द्र सिंह,मनीष अग्रवाल, गौत्तम पटेल,वंदना अवस्थी, रवि कुमार,विनीत खरे, मृदुल दुबे,सतीश पाण्डेय,नरेंद्र सिंह, कृष्णकुमार, सुनील पाठक, धीरेन्द्र सिंह, मनोज दुबे, अशोक शर्मा, हरिकिशोर, रामकुमार, अरविन्द,अंजना,आकांक्षा दीक्षित, सरिता, साधना, योगेश, अंकित पटेल, दीक्षा, आदित्य कुमार,शुभम अग्रवाल सहित अभिभावक, छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# सफाई कर्मी से मारपीट पर भड़के कर्मचारी, कोतवाली के बाहर लगाया जाम

### -मुकदमा दर्ज होने पर खत्म हुआ प्रदर्शन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** नगर पालिका परिषद उरई के एक सफाई कर्मी के साथ मारपीट की घटना के विरोध में सोमवार को सफाई कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में कर्मचारी उरई कोतवाली पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी कूड़ा संग्रहण गाड़ियों को कोतवाली के बाहर खड़ा कर सड़क पर जाम लगा दिया। कर्मचारियों ने दोषियों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार, नगर पालिका के सफाई कर्मी संतोष सोमवार सुबह वार्ड नंबर 13 में नियमित रूप से कूड़ा संग्रहण का कार्य कर रहे थे।इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका के अन्य सफाई कर्मचारी एकजुट होकर कोतवाली पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने अपनी कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को कोतवाली के बाहर खड़ा कर दिया, जिससे सड़क पर यातायात प्रभावित हो गया और कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई।कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से वार्ता की और उन्हें निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने पीड़ित सफाई कर्मी की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।मुकदमा दर्ज होने के आश्वासन के बाद कर्मचारियों का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने प्रदर्शन समाप्त कर जाम खोल दिया।

इसके बाद सड़क पर यातायात व्यवस्था सामान्य हो गई और लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# खेत पर बने ट्यूबवेल पर वृद्ध का शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )



1 -घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

**उरई ।** जनपद के थाना गोहन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पृथ्वीपुरा में सोमवार सुबह एक वृद्ध का शव खेत पर बने ट्यूबवेल के पास मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पृथ्वीपुरा निवासी गिरजाशंकर तिवारी (75 वर्ष) रविवार रात अपने खेत पर स्थित ट्यूबवेल पर सोने के लिए गए थे।सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे उनका पुत्र उन्हें देखने खेत पर पहुंचा, जहां उसने गिरजाशंकर तिवारी को मृत अवस्था में पड़ा पाया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना गोहन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। वृद्ध की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगा।

# बिजली, पानी और सड़क की समस्याओं पर अपना दल (एस) ने सुनी फरियाद

### जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों के प्रार्थना पत्र, अधिकारियों से शीघ्र निस्तारण का आग्रह

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** अपना दल (एस) के जिला कार्यालय में सोमवार को जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों से पहुंचे लोगों ने बिजली, पेयजल, सड़क और स्थानीय प्रशासन से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाध्यक्ष ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर शीघ्र और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कैथवां, अजनारी, पियानिरंजनपुर, कपासी, कैथेरी, गोहन, विशुधुंआ, बिनौरा रैन, सैदनगर, भभुआ, घौरा तथा उरई के सुशील नगर और उमरारखेड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने प्रार्थना पत्र दिए। अधिकांश शिकायतें बिजली कटौती, पेयजल संकट, जर्जर सड़कें और प्रशासनिक कार्यों से संबंधित रहीं। कार्यक्रम में प्रदेश सदस्य रोहित राठौर, माधौगढ़ जोन अध्यक्ष हुकम सिंह तथा जिला महासचिव शैलेन्द्र पाल भभुआ मौजूद रहे। जनसुनवाई में शैलेन्द्र कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा, सोहरन सिंह, नरेन्द्र कठेरिया, शशिकांत, वकील कुमार, सोनू देवी, राखी देवी, ओम प्रकाश कुशवाहा, कौशल किशोर, मोहन सिंह, मुकेश कुमार बरार, प्रेम सिंह, मु. आसिफ मंसूरी, मु. अशफाक, मु. सलामात, मु. सिकन्दर, आदित्य राठौर, कमल साहू और गजेन्द्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना संगठन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का यह सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराया जा सके।

# सीएचसी माधोगढ़ की इमरजेंसी में डॉक्टर ने गंभीर बीमार वृद्धा का इलाज करने से कर दिया मना

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़** तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) माधौगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गांव बिरिया निवासी कल्लन ठाकुर ने आरोप लगाया है कि वह अपनी बीमार मां को लेकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा था, लेकिन इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर ने उपचार करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित युवक का कहना है कि उसकी मां की हालत खराब थी और वह उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचा था, लेकिन वहां उसे निराशा हाथ लगी। युवक ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था सुधारने में नाकाम साबित हो रहे हैं। सोमवार शाम करीब 7:50 बजे युवक ने मीडिया को जानकारी देते हुए डॉक्टर अरविंदर पर उपचार न करने का आरोप लगाया। मामले के सामने आने के बाद सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राजपूत की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल में इमरजेंसी मरीजों को भी समय पर इलाज नहीं मिलेगा तो सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर लोगों का भरोसा कमजोर होगा। हालांकि, लगाए गए आरोपों को लेकर अस्पताल प्रशासन और संबंधित डॉक्टर का पक्ष सामने नहीं आया है। मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

- **परिजनों और लोगो मे भारी रोष**
- **वृद्धा के पुत्र कुल्लन ठाकुर ने आरोप लगाया कि सीएचसी में मरीज बड़े भरोसे के साथ आते हैं मगर यहां का स्टाफ और डॉक्टर भी मरीजो की करते हैं उपेक्षा**
- **इलाज करने से मना कर देने के मामले से अस्पताल और डॉक्टर की क्षेत्र में हो रही है कटु आलोचना**

# कुठौंद ब्लॉक परिसर में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पूजा शुक्ला के नेतृत्व में हुआ योग

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन**,आज 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्लॉक कुठौंद परिसर में भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पूजा शुक्ला नेताजी के साथ मातृ शक्ति बहिनों, बच्चों ने योगाभ्यास किया, पूजा शुक्ला ने बताया कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर स्वस्थ, सुखी एवं सकारात्मक जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। नियमित योग न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मिक ऊर्जा का भी संचार करता है माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सतत प्रयासों एवं उनकी वैश्विक पहल के परिणामस्वरूप 22 जून को योग को विश्वभर में एक स्वस्थ, संतुलित एवं समग्र जीवनशैली के रूप में व्यापक स्वीकृति प्राप्त हुई है उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की प्राचीन योग परंपरा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान एवं सम्मान मिला है योग से निरोग, निरोग से समृद्धि के संकल्प के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश जन-जन तक पहुँचा है योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का ही नहीं,हम सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए योग दिवस के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पूजा शुक्ला, कुठौंद प्रधान नरेन्द्र महंत, सहायक विकास पंचायत अधिकारी बृजेन्द्र त्रिपाठी,सचिव शिवम बाजपेई, सचिव अरुण कुमार भाजपा मण्डल प्रभारी राघवेन्द्र उपाध्याय, अभिनव दीक्षित, पंकज शुक्ला, अमित नीखरा,शक्तिकेंद्र संयोजक अभिषेक दुवे, विष्णु शर्मा, कृष्णा यज्ञिक,रिचा मिश्रा, नीलम यज्ञिक, आरती पाण्डेय एंजिल शुक्ला, नेती पाण्डेय अंकिता यज्ञिक वरुण शुक्ला सैकड़ों की संख्या में जनमानस बंधु उपस्थित रहें !

# संदिग्ध परिस्थितियों के चलते सीएससी में खडी खराब एंबुलेंस में लगी आग

### कडी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियो ने आग पर पाया काबू

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब परिसर के पीछे खड़ी एक खराब एंबुलेंस में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और एंबुलेंस धू-धू कर जलने लगी। घटना के दौरान परिसर में मौजूद अस्पताल कर्मियों और मरीजों में हड़कंप मच गया।आग लगने की जानकारी मिलते ही अस्पताल स्टाफ ने तत्काल डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आग आसपास खड़े अन्य वाहनों और अस्पताल परिसर तक फैलने से बच गई। हालांकि, आग लगने से एंबुलेंस पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और संबंधित विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है।वही आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# पिता की याद में सेवा का संकल्प, पुण्यतिथि पर लगाए पौधे और राहगीरों को पिलाई लस्सी

### पिता की सीख ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी, हर वर्ष उनकी स्मृति में करता हूं समाजसेवा- कपिल गुमावली

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** पिता की स्मृतियां जब सेवा का संकल्प बन जाएं तो श्रद्धांजलि भी समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है। इसी भाव के साथ नगर के युवा समाजसेवी कपिल गुमावली ने अपने स्वर्गीय पिता पूरन सिंह यादव की सातवीं पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और भीषण गर्मी में राहगीरों को लस्सी वितरित कर उन्हें राहत पहुंचाई।

कपिल गुमावली ने नम आंखों से कहा कि उनके पिता हमेशा जरूरतमंदों की मदद करने और समाज के लिए कुछ करने की सीख देते थे। आज वे जो भी सामाजिक कार्य कर रहे हैं, वह उन्हीं के संस्कारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पिता की स्मृति को जीवंत रखने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि उनकी सीख को अपने जीवन में उतारा जाए। इसी उद्देश्य से वह हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर सेवा कार्यों का आयोजन करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहता। समय-समय पर वह जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराना, गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना, वृक्षारोपण, रक्तदान और अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। इस अवसर पर रामजी दुबे, विक्रांत पटेल, मोहन यादव, वीरेंद्र पाल, प्रदमोहन पाल, कीरत चौधरी, नृपत सिंह, आशु पटेल, जीतू कुशवाहा, हर्ष यादव और दीपक सोनी सहित अनेक लोगों मौजूद रहे।

# जयमाला हुई, शहनाई बजी. फिर भोर में 4 बजे मंडप में ऐसा क्या हुआ कि दुल्हन को छोड़ भागा दूल्हा?

**कासगंज।** प्रदेश के कासगंज जिले के सहावर क्षेत्र से एक ऐसी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने समाज में आज भी जिंदा दहेज रूपी दानव के क्रूर चेहरे को उजागर कर दिया है। जहाँ एक तरफ सात फेरों के बाद एक बेटी नए जीवन की शुरुआत का सपना देख रही थी, वहीं ऐन वक्त पर आए एक मोड़ ने खुशियों के माहौल को पल भर में मातम में बदल दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहावर थाना क्षेत्र के गांव खाता निवासी राजपाल ने अपनी बेटी का रिश्ता कासगंज क्षेत्र के ही गांव किलोनी निवासी ललित के साथ तय किया था। तय कार्यक्रम के अनुसार बारात बेहद धूमधाम से वधु पक्ष के दरवाजे पर पहुंची। स्वागत-सत्कार के बाद जयमाला की रस्म भी बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। दोनों ही परिवारों में हंसी-खुशी का माहौल था और किसी को भी आने वाले तूफान का अंदाजा नहीं था। शादी की रस्में आगे बढ़ती रहीं। सुबह करीब 4 बजे जब दूल्हा और दुल्हन सात फेरे लेने के लिए पवित्र मंडप में बैठे, तभी अचानक दूल्हा पक्ष का रंग बदल गया। दूल्हा ललित और उसके परिजनों ने अचानक ?2 लाख की अतिरिक्त नगद राशि की मांग रख दी। अचानक हुई इस मांग से वधु पक्ष के होश उड़ गए। पीड़ित पिता और रिश्तेदारों ने बेटी के भविष्य का हवाला देते हुए दूल्हे के सामने हाथ जोड़े, मिन्नतें कीं, लेकिन लालच के आगे उनकी एक न सुनी गई। आरोप है कि मिन्नतों का दूल्हा पक्ष पर कोई असर नहीं हुआ और वे दूल्हे को मंडप से उठाकर पूरी बारात के साथ वापस लौट गए। जिस घर से बेटी की विदाई होनी थी, वहां सन्नाटा पसर गया। पीड़ित पिता के मुताबिक, उन्होंने अपनी जीवनभर की गाढ़ी कमाई (लगभग 12 लाख) इस शादी और बारात के स्वागत में लगा दी थी। फिलहाल, पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की सघन जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, पीड़ित पिता ने बेटी की शादी के लिए अपनी कृषि भूमि का एक हिस्सा गिरवी रखकर और रिश्तेदारों से कर्ज लेकर ?12 लाख जुटाए थे। बारात लौटने के बाद अब परिवार के सामने आर्थिक और सामाजिक, दोनों ही मोर्चों पर गहरा संकट खड़ा हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के कई गांवों के लोग पीड़ित परिवार के समर्थन में आ गए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लालची दूल्हे और उसके परिवार की तत्काल गिरफ्तारी की जाए ताकि समाज में एक कड़ा संदेश जाए। स्थानीय थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम और अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम आरोपी दूल्हे के गांव किलोनी दबिश देने के लिए रवाना कर दी गई है।

# 12 साल के लड़के ने शराब पीकर देखा पोर्न, फिर 9 महीने की भांजी के साथ किया रेप

**गोरखपुर।** प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक 12 साल के लड़के ने अपनी 9 महीने की भांजी के साथ रेप किया. पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पहले शराब पी, फिर अपने मोबाइल फोन पर पॉर्न देखने लगा. इसके बाद बहन के पास सो रही 9 महीने की मासूम भांजी को उठाकर घर से निकल गया. लगभग 500 मीटर दूर खेत में उसका रेप किया और छोड़कर फरार हो गया. बच्ची का अस्पताल में इलाज चल रहा है.



इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, पूरा मामला गोरखपुर जिले के गुलरिहा थाना क्षेत्र का है. पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार, 19 जून की रात वह अपनी 9 महीने की बेटी के साथ सो रही थी. रात करीब 2 बजे उसकी नींद खुली तो बच्ची बिस्तर पर नहीं थी. इसके बाद परिवार के लोगों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चला. सुबह जब गांव के कुछ लोग खेतों की तरफ गए तो उन्हें घर से करीब 500 मीटर दूर एक खेत में बने टीनशेड के पास खून से लथपथ बच्ची मिली. बच्ची बेहोश थी. उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे. यह देखकर लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल भेजा. इसके बाद पुलिस ने मेडिकल जांच कराई और मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी, लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का मुआयना किया. जांच के दौरान पुलिस को कुछ सुराग मिले. शक होने पर पुलिस ने बच्ची के मामा से पूछताछ की. पूछताछ के दौरान आरोपी टूट गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया. पुलिस के मुताबिक आरोपी बच्ची का सगा मामा है.आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शराब के नशे में था. उसी हालत में वह आधी रात को बच्ची को उसकी मां के पास से उठाकर पड़ोस के खेत में ले गया. वहां उसने बच्ची के साथ रेप किया. इसके बाद वह बच्ची को टीनशेड में छोड़कर भाग गया. एसपी सिटी निमिष पाटिल ने बताया कि बच्ची को मेडिकल जांच और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. उन्होंने बताया कि बच्ची की हालत सामान्य है. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है. उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# सीएम योगी के दौरे से पहले अलीगढ़ में लगे 'मुख्यमंत्री गो बैक' के पोस्टर, किसने बढ़ाई सियासी सरगर्मी?

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज 22 जून को अलीगढ़ के दौरे पर हैं. वे यहां शहरवासियों को 393 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देने आ रहे हैं. लेकिन, सीएम के दौरे से पहले 'मुख्यमंत्री गो बैक' के पोस्टरों ने शहर में सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है. सीएम योगी के आने से पहले अलीगढ़ के कई इलाके 'मुख्यमंत्री गो बैक' और छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग वाले पोस्टर से पटे पड़े हैं. इन पोस्टरों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं. पोस्टरों पर 'मुख्यमंत्री जवाब दो, छात्रसंघ चुनाव कब कराओगे', 'छात्रों की यही पुकार, छात्रसंघ चुनाव हो इस बार' और 'छात्रों की रक्षा के लिए छात्रसंघ चुनाव करो बहाल' जैसे नारे लिखे हैं.




मुख्यमंत्री के आगमन से ठीक पहले लगे इन पोस्टर को लेकर राजनीतिक और छात्र संगठनों के बीच जमकर चर्चा हो रही है. लेकिन, पोस्टर किस संगठन या व्यक्तियों द्वारा लगाए गए हैं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है. किसी प्रशासनिक अधिकारी की ओर से भी इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसे लेकर सीएम योगी का अलीगढ़ दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. सीएम योगी यहां 393 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. साथ ही लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा भी करेंगे. सीएम योगी वे दोपहर करीब एक बजे हेलीकॉप्टर से करसुआ स्थित ढ्ढञ्जरू परिसर पहुंचेंगे. यहां से वे राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का निरीक्षण करेंगे. इसके बाद वे कलेक्ट्रेट सभागार में हाई-लेवल बैठक करेंगे, जिसमें अलीगढ़ मंडल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों और नए कार्ययोजनाओं की समीक्षा करेंगे. यहां से सीएम योगी नुमाइश मैदान पहुंचेंगे, जहां विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित करेंगे.

# सालार मसूद की दरगाह पर 10 साल में आए चढ़ावे का नहीं मिला हिसाब, 'घोटाले' से जुड़ा सपा के पूर्व मंत्री का भी नामः जानिए कैसे खुला पूरा मामला और कमेटी ने क्या कहा



बहराइच की सालार मसूद दरगाह के 10 साल के चढ़ावे का कोई हिसाब नहीं मिला है। बीजेपी नेताओं ने करोड़ों रुपए की हेराफेरी का आरोप लगाया, जबकि सपा के पूर्व मंत्री का नाम भी सामने आया। उत्तर प्रदेश के बहराइच की सालार मसूद दरगाह एक बार फिर विवादों में है। इस बार मामला दरगाह पर आने वाले चढ़ावे और उसके वित्तीय रिकॉर्ड से जुड़ा है। आरोप है कि दरगाह में पिछले कई वर्षों में आए चढ़ावे और दान का पूरा हिसाब उपलब्ध नहीं है। जिलाधिकारी की ओर से रिकॉर्ड माँगे जाने के बाद भी कई सालों का वित्तीय ब्योरा नहीं मिल पाया। इसके बाद दरगाह में बड़े वित्तीय घोटाले की आशंका जताई जा रही है। मामले में भाजपा (बीजेपी) नेताओं ने करोड़ों रुपए की हेराफेरी का आरोप लगाया है, जबकि समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री यासर शाह का नाम भी विवाद में सामने आया है। दूसरी तरफ दरगाह इंतजामिया कमेटी सभी आरोपों को बेबुनियाद बता रही है। बहराइच की सालार मसूद दरगाह को देश की प्रसिद्ध दरगाहों में गिना जाता है। यहाँ हर साल लाखों मुस्लिम पहुँचते हैं और नकद दान के अलावा सोना, चाँदी और अन्य कीमती वस्तुएँ चढ़ाते हैं। हाल के दिनों में दरगाह के चढ़ावे और संपत्तियों के प्रबंधन को लेकर सवाल उठने लगे। विवाद तब और बढ़ गया जब दरगाह से जुड़े कुछ लोगों और भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि दरगाह में आने वाले चढ़ावे का सही हिसाब-किताब नहीं रखा गया। आरोप यह भी है कि वर्षों से जमा हुई धनराशि और अन्य संपत्तियों के उपयोग में गंभीर अनियमितताएँ हुई हैं। इसी बीच कुछ पुश्तैनी खादिमों ने दावा किया कि दरगाह में चढ़ाई गई सोने-चाँदी की कीमती ज्वेलरी अब दिखाई नहीं दे रही है। उनका कहना है कि अगर आभूषण सुरक्षित हैं तो उन्हें सार्वजनिक रूप से दिखाया जाना चाहिए। विवाद को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुँवर बासिल अली ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और पूरे मामले की स्ढ्ढञ्ज से जाँच कराने की माँग की है।कुँवर बासिल अली का आरोप है कि दरगाह वक्फ नंबर-19 की बेशकीमती संपत्तियों और चढ़ावे के प्रबंधन में बड़े स्तर पर अनियमितताएँ हुई हैं।

# यूपी में कम बारिश की संभावना पर सीएम योगी ने लिया बड़ा फैसला, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौसम की स्थिति, मानसून की प्रगति, पेयजल आपूर्ति तथा भूजल संरक्षण सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा करते हुए जल संरक्षण को जलांदोलन बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संचालित 'कैच द रेन' अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना होगा। वर्षा जल संचयन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने पर फोकस किया।



सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। वर्ष 2026 में दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान उत्तर प्रदेश में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में माह जून से सितंबर तक सामान्य से कम वर्षा होने के संकेत हैं। जून में भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा तथा अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान, सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। सिंचाई, पंचायतीराज, भूगर्भ जल, नमामि गंगे, राजस्व तथा कृषि विभाग को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। तालाबों और पोखरों में गांव का प्रदूषित जल जाने से रोकने के लिए कहा। अमृत सरोवरों के संरक्षण, स्वच्छता तथा नियमित रख-रखाव पर बल दिया। अपर मुख्य सचिव, भूगर्भ जल ने अवगत कराया कि वर्ष 2013 में प्रदेश में अतिदोहित विकासखण्डों की संख्या 113 थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 44 रह गई है। वर्ष 2017 में अन्य स्रोतों से लगभग 30.59 लाख करोड़ लीटर भूजल रिचार्ज होता था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 35.79 लाख करोड़ लीटर हो गया है। इसी अवधि में प्रदेश का कुल वार्षिक भूजल रिचार्ज 69.91 लाख करोड़ लीटर से बढ़कर 73.39 लाख करोड़ लीटर तक पहुंच गया है। प्रदेश ने भूजल दोहन की दर को 70 प्रतिशत करने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। 172 विकासखण्डों में प्रतिवर्ष 10 सेंटीमीटर से अधिक तथा 69 विकासखण्डों में दस वर्षों के दौरान 20 सेंटीमीटर से अधिक सुधार दर्ज किया गया है। प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन ने मुख्यमंत्री को नदियों की सिल्ट सफाई कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा एवं ओम प्रकाश राजभर उपस्थित थे।

# गजब! ऐसा भूकंप आया कि पूरा देश एक तरफ खिसक गया, 6 किमी आगे हुआ शिफ्ट

लोगों को चोट पहुंचाने और तबाही का पर्याय माने जाने वाले भूकंप ने एक ऐसी घटना को भी अंजाम दिया है, जिसने वैज्ञानिकों को भी हैरानी में डाल दिया है। कहानी जापान की है, जिसने साल 2011 में भयंकर दर्द सहा।



देश में तब आए भूकंप को लेकर स्टडीज जारी हैं और अब खुलासा हुआ है कि झटकों के बाद पूरा देश ही एक दिशा में आगे बढ़ गया था। अब तक इसकी वजह साफ नहीं हुई थी, लेकिन वैज्ञानिकों ने इस क्षेत्र में प्रगति कर बड़े रहस्य से पर्दा उठाया है। लगभग 15 साल पहले जापान में आए विनाशकारी भूकंप को लेकर वैज्ञानिकों ने नया खुलासा किया है। 2011 में 9 तीव्रता वाले भूकंप से जापान देश पूर्व की तरफ 5-6 मिलीमीटर आगे खिसक गया था। साल 2011 में आए भूकंप की तीव्रता 9 मापी गई थी। उस विनाशकारी त्रासदी में 20 हजार लोगों की मौत हो गई थी। शिकागो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने सैटेलाइट नेटवर्क के जरिये डाटा जुटाया। भूकंप के कारण फॉल्ट लाइन (दरार) के पास चट्टानों के बड़े ब्लॉक अचानक एक-दूसरे के आगे फिसल गए। इस भूकंप से जो शक्तिशाली तरंगें निकलीं, वे पृथ्वी के भीतर गहराई में सीधे पृथ्वी के केंद्र तक गईं। ये तरंगें कोर से टकराकर सतह की ओर लौट आईं। इस दौरान तरंगों ने जापान के नीचे मौजूद टेक्टोनिक प्लेटों की सीमाओं को दोबारा सक्रिय कर दिया, जिससे जमीन में अतिरिक्त हलचल पैदा हुई। जापान ने जियो नेट नाम का एक विशाल नेटवर्क बना रखा है। इसमें 1,200 से अधिक जीपीएस स्टेशन लगे हैं। इस खुलासे ने बताया कि पृथ्वी के कोर से टकराकर लौटने वाली तरंगें मुख्य भूकंपीय क्षेत्र को दोबारा सक्रिय कर सकती हैं। भविष्य में संवेदनशील इलाकों में भूकंप के खतरों का नए सिरे से आकलन करने में मदद करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जापान के उत्तर पूर्वी तट पर आए तूफान के बाद वैज्ञानिकों को हैरान करने वाली चीज दिखी थी। झटकों के करीब 16 मिनट बाद जापान में लगे त्रक्क्र स्टेशन्स ने पाया कि देश पूर्वी दिशा में खिसक गया है। खास बात है कि ये गतिविधियां पूरे देश में एकसाथ हुईं, जो भूकंप के बाद झटकों जैसी बिल्कुल भी नहीं थीं। दरअसल, इस घटना से वैज्ञानिक भी खासे हैरान थे। वजह थी कि उस समय कोई भी बड़ा भूकंप आस पास नहीं चल रहा था, जो इस घटना से मेल खाता हो। कई सालों तक यह रहस्य बना रहा और जानकार लगातार डेटा जुटाते रहे।

# गोरखपुर में फर्जी अस्पताल खोलकर बीमा धन हड़पने वाले गैंग का सरगना गिरफ्तार..बड़े वित्तीय घोटाले की जांच जारी

उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर की रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर फर्जी तरीके से अस्पताल संचालित कर हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने का आरोप है। उपनिरीक्षक सुनील यादव और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त अफजल अंसारी पुत्र यूनुस अंसारी निवासी नर्रे बुजुर्ग थाना गगहा, जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपित अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर संगठित रूप से फर्जी अस्पताल खोलते थे और लोगों को इलाज के नाम पर भर्ती दिखाकर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से धनराशि प्राप्त कर लेते थे। जांच में सामने आया कि कई मामलों में मरीजों का वास्तविक इलाज किए बिना ही बीमा क्लेम कर रकम हड़प ली जाती थी। इस तरह यह गिरोह सुनियोजित तरीके से आम लोगों और बीमा कंपनियों को चूना लगा रहा था।



अफजल अंसारी की इन आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए थाना रामगढ़ताल में आरोपित के खिलाफ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें वह वांछित चल रहा था। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अफजल अंसारी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ पूर्व में भी धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें थाना रामगढ़ताल में वर्ष 2025 के दो अलग-अलग मामलों के साथ-साथ वर्ष 2026 में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा शामिल है।

# मंदिर की छत पर सो रहे पुजारी की निर्मम हत्या

**बांदा।** प्रदेश के जनपद बांदा में शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव स्थित भज्जी का पुरवा में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। मंदिर की छत पर सो रहे पुजारी की तीन अज्ञात बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के समय पास में सो रही उनकी शिष्या ने विरोध करने का प्रयास किया तो एक हमलावर ने उसे पकड़कर मुंह दबा दिया और जान से मारने की धमकी दी।

जानकारी के अनुसार, 68 वर्षीय सच्चिदानंद नामदेव ने करीब 11 वर्ष पूर्व अपनी जमीन पर शनिदेव मंदिर का निर्माण कराया था और वहीं रहकर पूजा-अर्चना करते थे। शनिवार रात लगभग डेढ़ बजे वह मंदिर की छत पर सो रहे थे। उनके पास ही मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र के चंदौरा गांव निवासी 22 वर्षीय शिष्या रोशनी भी सो रही थी। बताया गया कि देर रात लोहे की सीढ़ी के सहारे तीन अज्ञात युवक मंदिर की छत पर पहुंचे और सो रहे पुजारी पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर शिष्या की नींद खुली और वह बचाव के लिए आगे बढ़ी, लेकिन एक हमलावर ने उसे पीछे से पकड़ लिया और मुंह दबाकर चुप रहने की धमकी दी। हमलावर पुजारी को मृत समझकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद शिष्या ने शोर मचाया, जिससे कुछ दूरी पर खलिहान में सो रहे पुजारी के भाई चिंतामणि और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल पुजारी को तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार शुरू होने से पहले ही उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक के सिर पर कई गहरे घाव और शरीर पर डंडों से हमले के निशान मिले हैं। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल मौके पर पहुंचे और फोरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। घटनास्थल से खून से सना एक डंडा बरामद किया गया है, जबकि खून और फिंगर प्रिंट के नमूने भी एकत्र किए गए हैं। मृतक के भतीजे विकास ने बताया कि मंदिर से सटी जमीन को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। उनका आरोप है कि करीब दस दिन पहले कुछ लोगों ने मंदिर गिराने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। वहीं ग्रामीणों के बीच अन्य संभावित कारणों को लेकर भी चर्चाएं हैं। पुलिस ने शिष्या का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शिष्या का कहना है कि अंधेरा होने के कारण वह हमलावरों की पहचान नहीं कर सकी। मामले में मृतक के भाई चिंतामणि की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आईजी झाँसी आकाश कुलहरि द्वारा मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत कर अपराध नियंत्रण/कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

- लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण/हत्या, लूट, डकैती, चोरी आदि घटनाओं के अनावरण करने तथा वांछित/ईनामिया अपराधियों की गिरफ्तारी के दिये निर्देश
- हत्या, लूट, डकैती, चोरी आदि घटनाओं के अनावरण हेतु टीमों का गठन कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी के दिये निर्देश
- विवेचना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, 06 माह से अधिक लंबित विवेचनाओं की तत्काल समीक्षा करें, अपराधियों की संपत्ति करें कुर्क
- आपरेश्न दहन के तहत NDPS मालों के विनिष्टीकरण व निस्तारण के दिये गए निर्देश
- आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश




( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि महोदय द्वारा झांसी परिक्षेत्र के जनपद झांसी , जालौन व ललितपुर के जनपद प्रभारियों के साथ कैम्प कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें शासन की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रभावी कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

महोदय द्वारा आगामी त्योहारों व अन्य कार्यक्रमों आदि के दृष्टिगत जनपद की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु विशेष सतर्कता, पैदल गश्त/चेकिंग के साथ अलर्ट रहने के निर्देश दिए गये हैं। बीते वर्षों में हुई छोटी-बड़ी घटना का आकलन कर कार्ययोजना बनाकर बीट सिपाही से लेकर चौकी, थाना व सर्किल में तैनात प्रत्येक पुलिस अधिकारी फील्ड में निरन्तर भ्रमणशील रहने व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए तथा महिला बीट को सशक्त करने हेतु आदेशित किया गया महोदय द्वारा हत्या लूट डकैती, चोरी गृहभेदन, महिलाओं/बच्चों, पाक्सो, एससी/एसटी अत्याचार/उत्पीड़न, सम्पत्ति सम्बन्धी व गम्भीर अपराधों आदि की समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके साथ ही लम्बित विवचनाओं के निस्तारण, गिरोहबन्द अधिनियम, गौवध/पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की समीक्षा की गयी। पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, चिन्हित टॉप-10, चिन्हित माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी व उनके विरूद्ध कृत कार्यवाही, ढ्ढ्रस्स्ह्ल पोर्टल पर लम्बित विवेचनाओं की प्रगति, साईबर थानों में पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में विचाराधीन अभियोगों की समीक्षा, मा0 न्यायालय से अभियुक्तों के विरूद्ध प्राप्त गैर जमानती वारन्ट व 85 क्र्रह्स्स् के तहत तामीला आदि की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महिला सशक्तिकरण एवं उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति' फेज 5.0 अभियान के द्वितीय चरण की कार्यवाही की समीक्षा कर, अभियान के तहत निर्धारित स्ह्रक्के अनुसार ज्यादा से ज्यादा प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। 'मिशन शक्ति' अभियान के क्रम में महिला बीट अधिकारी 'शक्ति दीदी' द्वारा सार्वजनिक स्थानों/कस्बों/गांवों में चौपाल लगाकर तथा स्कूल/कालेजों में जाकर उन्हें जागरूक करते हुए उनकी हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायी जाए। एंटी रोमियो टीमों द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए मनचलों/अराजकतत्वों पर नज़र रखी जाए एवं अराजकतत्वों व शोहदों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए। रेन्ज के सभी जनपद प्रभारी/अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी प्रात: 10.00 बजे से कार्यालय में बैठकर जन सुनवाई करना सुनिश्चित करें तथा थाने पर पहुंचने वाले प्रत्येक फरियादी से अच्छा व्यवहार करें तथा महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करना सुनिश्चित करें। एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा कर एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की विवेचनाओं का समय से निस्तारण कराते हुए पीड़ितों को बिना देरी के नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाना सुनिश्चित करें। लंबित विवेचनाओ की सूची बनाकर राजपत्रित अधिकारी विवेचको को अलग से समीक्षा कर विवेचनाओ के शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए गये है । जिन विवेचनाओं में अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी हो चुकी है तथा कोई अन्य कार्यवाही शेष नहीं है, उनमें विवेचनाधिकारी अनावश्यक विलम्व न करें तथा यथाशीघ्र विवेचनाओं का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। गैंगस्टर एक्ट में पंजीकृत अभियोगों में धारा 14 (1) के अंतर्गत सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही में वांछित / वारन्टी / टॉप टेन/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी व उनकी की सतत् निगरानी कराने तथा अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये। किसी भी दशा में अवैध शराब अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो । अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी प्रकार के अपराधों में संलिप्त माफियाओं को चिन्हित करने तथा उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा रेंज के जनपदों में अज्ञात में पंजीकृत अभियोगों का अनावरण कर घटना में संलिप्त अभियुक्तों को प्रकाश में लाकर गिरफ्तार कराते हुए विवेचनाओं के शीघ्र अतिशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है। आपरेशन दहन के तहत एनडीपीएस के अन्तर्गत माल निस्तारण हेतु 03 माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक माल व अवैध सामग्री का विनिष्टीकरण कराकर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये है। गोवध/पशु कूरता निवारण अधिनियम के अन्तर्गत संलिप्त सभी अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही यथा एनएसए/गैंगस्टर किये जाने के कडे निर्देश दिये गये है। इसके अतिरिक्त गौ-वंश/मवेशियों के राजमार्गों पर आ जाने के कारण गंभीर दुर्घटनाएं प्रकाश में आयी है जिसके सम्बन्ध में गौवंशों को गौशालाओं में भेजने हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गये। लुटेरे, अवैध शराब व पशु तस्करों आदि पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करते सक्रिय दुर्दांत अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही के साथ ही उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शासन के निर्देशानुसार चिन्हित अपराधों में दोषियों को मा0 न्यायालय से सजा दिलाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान 'आपरेशन कन्विक्शन' के तहत अभियोजक व मानिटरिगं सेल द्वारा समन्वय स्थापित कर प्रभावी पैरवी कराएं जिससे अपराधियों को अविलंब व अधिकतम सजा दिलाई जा सके । नाबालिक बच्चों/गुमशुदाओं/अपहृताओं की सकुशल/शीघ्र बरामदगी हेतु टीमें गठित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। पोस्टमार्टम/पंचायतनामा रजिस्टर को अध्यावधिक कर गुमशुदाओं के डाटा मिलान हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही कर छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु जनपद प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए तथा यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी की जाए । किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक/भ्रामक पोस्टों के प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित करते हुए तत्काल प्रभाव से उसका खंडन किया जाए । मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति., पुलिस अधीक्षक जालौन श्री विनय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक, प्रभारी ए.डी. श्री अजय कुमार मिश्रा, सीओ एलआईयू श्री अनिल कुमार पाण्डेय, एआरओ(रेडियो) श्री समर सिंह आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर लेखाधिकारी को दिया ज्ञापन

## -शिक्षकों को अनावश्यक चक्कर लगवाना नहीं किया जाएगा बर्दाश्त



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा से मिला। ज्ञापन देकर शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण की मांग की। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित ने बताया कि शासनादेश के अनुसार सरकारी सेवकों की भांति शिक्षकों की जीपीएफ पासबुक बनाए जानी है, लेकिन कुछेक अध्यापकों की ही पासबुक बनाई गई है। अधिकांश अध्यापकों की पासबुक नहीं बनने और जीपीएफ की पर्ची न बटने पर नाराजगी जताई गई। काफी समय से अवशेष देयक लम्बित है। वरिष्ठता के क्रम अवशेष देयक भुगतान करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि शिक्षकों के कार्यों के लिए अनावश्यक तौर पर चक्कर लगवाने को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पत्रावलियों पर अनावश्यक आपत्ति लगाकर भुगतान विलम्ब पर रोष व्यक्त किया गया। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के उपरांत जनपद में आए शिक्षकों के स्वीकृत चयन वेतनमान ऑनलाइन सर्विसबुक पर मान्य न किए जाने के कारण निर्धारण नहीं किया जा रहा है। ऐसे में पटल सहायक को निर्देशित करते हुए ऐसे शिक्षकों के निर्धारण कर चयन वेतनमान लगवाएं। उन्होंने कहा कि ओपीएस आच्छादित शिक्षकों को उनकी जीपीएफ सूचना नियमित रूप से नहीं दी जाती है। शिक्षक संघ ने मांग की कि जिस तरह विभाग द्वारा कई काम ऑनलाइन कराए जा रहे हैं। इसी तरह जीपीएफ की सूचना भी वेतनपर्ची की भांति मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन प्रदर्शित की जाए। निरीक्षण में अवरुद्ध वेतन का अविलंब भुगतान करने की मांग करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक संवर्ग और उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली में वेतन अवरुद्ध करना दण्ड के रूप में उल्लिखित नहीं है। वहीं आयकर की गणना के बावजूद गलत आयकर काटने से शिक्षकों के फॉर्म 16 नहीं मिल पाने पर नाराजगी जाहिर की। अनावश्यक आपत्तियां लगाकर कार्य को न करने पर कड़ा रुख अपनाया। शिक्षकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण न होने की दशा में आन्दोलन की चेतावनी दी। इस दौरान जिला मंत्री मृत्युंजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण राय, कोषाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, प्रवक्ता अब्दुल नोमान, अरुण निरंजन, अखिलेश गोस्वामी, जितेन्द्र त्रिपाठी, उमेश पाराशर, उमेश बबेले, आनन्द मोहन मिश्रा, अनिरुद्ध रावत, मधु पासी, जितेन्द्र सिंह, रमन प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, अकील अहमद खान, प्रवीण यादव, रवि आर्य, भारत भूषण सिंह, पवन दुबे, शहजाद अहमद, मनोज चौरसिया, प्रवीण यादव आदि मौजूद रहे।

# जनहित की योजनाएं जन जन तक पहुंचाने हेतु रात्रि चौपाल आयोजन अच्छा प्रयास - समर सिंह

## तालबेहट।तालबेहट के ग्राम टेकरी मे खण्ड शिक्षा अधकारी ने बिताई रात



( यंग भारत न्यूज )

**तालबेहट।** ब्लॉक के ग्राम टेकरी में सरकार की रात्रि प्रवास योजना के तहत खण्ड शिक्षा अधिकारी तालबेहट श्री समर सिंह ने रात्रि विश्राम कर चौपाल लगाई व सभी ग्रामीणों को सरकार द्वारा उनके हितार्थ चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया जिसमें शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों जैसे ग्राम्य विकास स्वास्थ्य सिचाई महिला एवम बाल कल्याण सड़क सुरक्षा आदि की जानकारी सविस्तार दी तथा उनसे सचेत एवम जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने की बात कही खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से उनके बच्चों की शिक्षा व विद्यालय संचालन के बारे में भी विस्तार से बात की एवम अपने पाल्यों को नियमित विद्यालय भेजनें व डी बी टी के पैसों के सदुपयोग के लिए भी जागरूक किया इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय टेकरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरेश राय ने भी ग्रामीणों को विद्यालय द्वारा चलाई जा रही योजना जैसे एम डी एम डी बी टी द्वारा लाभान्वित होने बालों की जानकारी दी इस अवसर पर जनार्दन पाल के अलावा कई ग्रामीणों सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे सुबह इंचार्ज प्रधानाध्यपक अमरेश राय ने सभी का आभार जताया।

# पुलिस ने तीन शातिर टप्पेबाज किए गिरफ्तार, भेस बदल कर देते थे घटना को अंजाम

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** उत्तर प्रदेश की बांदा पुलिस को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है, जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर टप्पेबाजों को लगभग 75 हजार रुपए कैस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस को एक अवैध असलहा और एक चार पहिया कार भी मिली है। ये टप्पेबाज गिरोह भेष बदलकर लोगों को अपने झांसे में लेकर घटना को अंजाम देते थे।

दअरसल पूरा मामला तिंदवारी थाना अंतर्गत का है। जहां फतेहपुर निवासी मनीष साहू ने सूचना दी कि फतेहपुर से बांदा आते समय बेंदाघाट चौराहे के पास साधू के भेष में एक व्यक्ति मिला और पैसे दो गुना करने का लालच देने लगा तभी चारपहिया गाड़ी से दो लोग आए और गाड़ी में रखे 50 हजार रुपए चुरा लिए फिर तीनों लोग उसी गाड़ी में बैठकर फरार हो गए, जब वह अपनी गाड़ी में गया तो देखा पैसे गायब थे। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की और तलाश शुरू की तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भिड़ौरा रोड पर घटना को अंजाम देने की फिराक में है जिन्हें घेर कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने पूंछ ताँछ में बताया कि वे सभी साधू - संत का भेष बदलकर स्वयं को धार्मिक और आध्यात्मिक व्यक्ति बताकर लोगों का विश्वास जीत लेते थे और पैसे दुगना करने सहित धन वर्षा का झांसा देकर रुपए और कीमती आभूषण टप्पेबाजी कर फरार हो जाते थे। बीते दिनों ऐसी ही एक घटना शहर के स्टेशन के पास एक महिला को झांसा देकर आभूषणों की टप्पेबाजी की थी। आरोपी अजय जनपद मथुरा का निवासी है और नवाब नाथ गौतमबुद्ध नगर का रहने वाला है वहीं गौरव नाथ हरियाणा के पलवल का रहने वाला है। फिलहाल पुलिस अब आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी में जुट गई है।

# इंजी. भारती आर्य को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया गया सम्मान

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटेलेक्चुअल्स एंड चेंज मेकर्स 2026 में ब्लॉक प्रमुख इंजी. भारती आर्य को ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं जनसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट (Honoris Causa) से सम्मानित किया गया।

इंजी. भारती आर्य, जो पूर्व मंत्री एवं वर्तमान झांसी महापौर श्री बिहारी लाल आर्य की सुपुत्री हैं, लंबे समय से सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनके कार्यों को देखते हुए सम्मेलन में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री आर. के. सिन्हा पद्मश्री सम्मानित पूर्व कुलपति डॉल्फिन मेन ऑफ इंडिया प्रोफेसर डॉ. आर.के.सिन्हा, न्यायमूर्ति श्री राजेश टंडन पूर्व न्यायधीश, पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, विंग कमांडर श्री प्रफुल्ल बख्शी भारतीय वायु सेना, डॉ.आशीष गोयल विभिन्न अतिथियों ने इंजी भारती आर्य को मानद उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया तथा उनके योगदान की सराहना की।



# पुजारी की डंडे से पीट कर हत्या

( यंग भारत न्यूज )





**बांदा।** बाँदा में एक मंदिर की छत पर सो रहे पुजारी की अज्ञात लोगों ने डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी और फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है। घटना शहर कोतवाली के तिंदवारा गांव की है। जहाँ सच्चीदानन्द नाम के 68 वर्षीय संत छत पर सो रहे थे, छत पर ही उनकी 22 वर्षीय शिष्या भी सो रही थी। शिष्या का कहना है की रात में कुछ लोग आए और महाराज जी को डंडो से पीटने लगे और उसका मुँह दबा दिया, मरा हुआ समझ कर जब वो लोग चले गए तब शिष्या ने शोर मचाया, शोर सुन कर संत के भाई व बांकी लोग दौड़े। सच्चीदानंद को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया जहाँ उसकी मृत्यु हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं फॉरेनसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया है। संत के भाई ने कुछ लोगों पर हत्या की आशंका जताई है वहीं क्षेत्राधिकारी मोविश टॉक ने बताया की टीम बनाकर घटना के खुलाशे के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718